# 2022-23 में 7.6% की दर से बढ़ेगी अर्थव्यवस्था

मुंबई | एजेंसी

भारतीय अर्थव्यवस्था अगले वित्त वर्ष 2022-23 में 7.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने यह अनुमान लगाया है। एजेंसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि लगभग दो साल के अंतराल के बाद देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अर्थपूर्ण विस्तार होगा। 2022-23 में वास्तविक जीडीपी के 2019-20 (कोविड-पूर्व स्तर) से 9.1 फीसदी अधिक रहने का अनुमान है।

अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार जीडीपी के रुझान मूल्य से 10.2 फीसदी कम रहेगा। इस कमी में मुख्य योगदान निजी खपत और निवेश मांग की गिरावट का रहेगा। कुल गिरावट में निजी खपत का हिस्सा 43.4 फीसदी और निवेश मांग का हिस्सा 21 फीसदी रहेगा।

इसी महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने अपने पहले अग्रिम अनुमान में कहा था कि 2021-22 में आर्थिक वृद्धि दर 9.2 फीसदी रहेगी।